सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-377
28/08/2017

आई0पी0एस0 वाइफ एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री राहत कोष में दिया एक लाख रूपये का अंशदान

पटना, 28 अगस्त 2017 :– आज 1 अणे मार्ग स्थित संकल्प में आई0पी0एस0 वाइफ एसोसिएशन ने बिहार के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्य हेतु एक लाख रूपये का चेक मुख्यमंत्री राहत कोष के लिये मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार को सौंपा। मुख्यमंत्री ने आई0पी0एस0 वाइफ एसोसिएशन को अंशदान करने के लिये धन्यवाद दिया तथा उनकी इस सामाजिक पहल की सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपदा के समय हम सबको अपनी संवेदनशीलता को प्रदर्शित करना चाहिये और पीड़ितों की सेवा में बढ़–चढ़कर हाथ बंटाना चाहिये।

इस अवसर पर आई0पी0एस0 वाइफ एसोसिएशन की ओर से अध्यक्षा श्रीमती पूनम ठाकुर, सचिव श्रीमती मधुरिमा राज, कोषाध्यक्ष श्रीमती निधि दराद एवं संयुक्त सचिव श्रीमती अनु श्रीवास्तव उपस्थित थीं।

******